इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

BPSC-104

भारत में राजनीतिक प्रक्रिया

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

विशेषज्ञ समिति

प्रो. डी. गोपाल
(अध्यक्ष) राजनीति विज्ञान
संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,
मैदान गढ़ी, इग्नू, नई दिल्ली

प्रो. अमित प्रकाश
सेन्टर फॉर द स्टडी ऑफ लॉ
एण्ड गर्वनेन्स
जवाहरलाल नेहरू
विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली

प्रो. ए. के. सिंह
सेन्टर फॉर फेडरल स्टडीज
जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

प्रो. सारतिक बाग
राजनीति विज्ञान विभाग
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
रायबरेली रोड, लखनऊ

प्रो. अनुराग जोशी
राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
मैदान गढ़ी, इग्नू, नई दिल्ली

प्रो. एस. वी. रेड्डी
राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
मैदान गढ़ी, इग्नू, नई दिल्ली

प्रो. जगपाल सिंह
राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
मैदान गढ़ी, इग्नू, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम प्रस्तुति दल

खंड/इकाई	नाम	इकाई लेखक
खण्ड 1	**राजनीतिक दल और दलीय व्यवस्था**	
इकाई 1	राजनीतिक दल, दलीय व्यवस्थाएं एवं लोकतंत्र	डॉ. दिव्या रानी, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 2	भारत में राजनीतिक दल	डॉ. दिव्या रानी, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 3	भारत में दलीय प्रणाली	डॉ. दिव्या रानी, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
खण्ड 2	**मतदान व्यवहार का निर्धारण**	
इकाई 4	जति, वर्ग, जेन्डर और जनजाति	डॉ. दिव्या रानी, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 5	नृजातीयता, धर्म और भाषा	डॉ. दिव्या रानी, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
खण्ड 3	**क्षेत्रीय अपेक्षाएं एवं आन्दोलन**	
इकाई 6	स्वायत्ता आंदोलन	प्रो. जगपाल सिंह, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 7	विद्रोह	डॉ. एन. किशोरचन्द सिंह, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 8	अलग राज्य की मांग के लिए आंदोलन	प्रो. जगपाल सिंह, इग्नू, नई दिल्ली
खण्ड 4	**धर्म और राजनीति**	
इकाई 9	धर्मनिरपेक्षता	प्रो. जगपाल सिंह, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 10	सांप्रदायिकता	डॉ राकेश बटब्याल, एसोसिएट प्रोफेसर, सेन्टर फॉर मीडिया स्टडीज, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, जेएनयू, नई दिल्ली
ठस्व्ब्ज्ञ 5	**जाति और राजनीति**	
इकाई 11	जाति आधारित गठन और राजनीतिक संगठन	डॉ. अंकिता दत्ता, रिसर्च फैलो, आईसीडब्लूए, नई दिल्ली
इकाई 12	जति और राजनीति	डॉ. दिव्या रानी, कन्सलटेन्ट, इग्नू, नई दिल्ली
ठस्व्ब्ज्ञ 6	**सकारात्मक कार्यवाही**	
इकाई 13	आरक्षण	प्रो. आर. के. बारीक (रिटायर्ड प्रो. आईआईपीए) नई दिल्ली
इकाई 14	विकास	डॉ सिद्धान्त मुखर्जी, एसोसिएट प्रोफेसर, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ

पाठ्यक्रम संयोजक

प्रो. जगपाल सिंह
राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
मैदान गढ़ी, इग्नू, नई दिल्ली

मुख्य संपादक

प्रो. जगपाल सिंह
राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
मैदान गढ़ी,
इग्नू, नई दिल्ली

संपादक (इकाई स्वरूपण, पुनरीक्षण और सामाग्री अद्यतन)

डॉ. दिव्या रानी,
कन्सलटेन्ट, राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
मैदान गढ़ी, इग्नू, नई दिल्ली

सामग्री निर्माण

श्री राजीव गिरधर
असिस्टेंट रजिस्ट्रार (प्रकाशन)
एम.पी.डी.डी., इग्नू, नई दिल्ली

श्री हेमन्त परीदा
असिस्टेंट रजिस्ट्रार (प्रकाशन)
एम.पी.डी.डी., इग्नू, नई दिल्ली

श्री सुरेश कुमार
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इग्नू, नई दिल्ली

अगस्त, 2020

© इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 2020

ISBN:

सर्वाधिकार सुरक्षित, इस कार्य का कोई भी अंश किसी भी रूप में पुनः प्रकाशित नहीं किया जा सकता, अनुलिपिक या किसी अन्य साधन द्वारा।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के बिना किसी लिखित आदेश व पुनः इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कोर्स की सूचना विश्वविद्यालय के मैदान गढ़ी कार्यालय, नई दिल्ली-110068 के द्वारा प्राप्त की जा सकती है अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://www.ignou.ac.in देखें

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली की ओर से निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।

कवर डिज़ाइनर : अरविन्दर चावला, एडीए ग्राफिक्स, नई दिल्ली

लेजर टाइप सेटिंग : टेसा मीडिया एण्ड कम्प्यूटर्स, सी–206, शाहीन बाग, जामिया नगर, नई दिल्ली

मुद्रित :

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

विषय सूची

		पृष्ठ क्रमांक
खण्ड 1	**राजनीतिक दल और दलीय व्यवस्था**	7
इकाई 1	राजनीतिक दल, दलीय व्यवस्थाएं एवं लोकतंत्र	9
इकाई 2	भारत में राजनीतिक दल	17
इकाई 3	भारत में दलीय प्रणाली	29
खण्ड 2	**मतदान व्यवहार का निर्धारण**	37
इकाई4	जति, वर्ग, जेन्डर और जनजाति	39
इकाई 5	नृजातीयता, धर्म और भाषा	47
खण्ड 3	**क्षेत्रीय अपेक्षाएं एवं आन्दोलन**	**57**
इकाई 6	स्वायत्ता आंदोलन	59
इकाई 7	विद्रोह	69
इकाई 8	अलग राज्य की मांग के लिए आंदोलन	80
खण्ड 4	**धर्म और राजनीति**	93
इकाई 9	धर्मनिरपेक्षता	95
इकाई 10	सांप्रदायिकता	103
खण्ड 5	**जाति और राजनीति**	111
इकाई 11	जाति आधारित गठन और राजनीतिक संगठन	113
इकाई 12	जति और राजनीति	122
खण्ड 6	**सकारात्मक कार्यवाही**	**131**
इकाई 13	आारक्षण	133
इकाई 14	विकास	143
संदर्भ		**154**

पाठ्यक्रम परिचय

यह पाठ्यक्रम छात्रों को भारत में राजनीतिक प्रक्रियाओं से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराता है। इस पाठ्यक्रम में 14 इकाइयाँ है और ये इकाइयाँ 6 खंडों में विभाजित है। प्रथम खण्ड में राजनीतिक दलों एवं राजनीतिक व्यवस्था से संबंधित इकाइयाँ है। खण्ड दो के अंतर्गत मतदान व्यवहार के बारे में चर्चा की गई है। खण्ड तीन क्षेत्रीय अपेक्षाऐं एवं आंदोलनों से संबंधित है। खण्ड चार में धर्म और राजनीति के बीच संबंधों की चर्चा की गई है। खण्ड पाँच के अंतर्गत जाति एवं राजनीति की इकाइयाँ शामिल हैं तथा खण्ड छः में सकारात्मक कार्यवाही तथा आरक्षण एवं विकास की चर्चा की गई है। प्रत्येक खण्ड में इकाइयों का विवरण इस प्रकार हैः– खण्ड एक में तीन इकाइयाँ हैं। जिनमें भारतीय राजनीतिक दलों, दलिय व्यवस्था, लोकतंत्र इत्यादि शामिल हैं। खण्ड दो के अंतर्गत दो इकाइयाँ हैं जो कि मतदान व्यवहार एवं उसके निर्णायक तत्वों के बारे में हैं। इकाई संख्या चार जाति, वर्ग, जेंडर एवं आदिवासियों से संबंधित है। इकाई संख्या पाँच नृजातियता, धर्म और भाषा के बारे में है। खण्ड तीन में क्षेत्रीय अपेक्षाऐं एवं आंदोलनों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई है। इकाई संख्या 6, 7 और 8 स्वायत्ता आंदोलन, विद्रोह और पृथक राज्य आंदोलनों के बारे में है। खण्ड पाँच में दो इकाइयाँ है जो कि इकाई संख्या 11 एवं 12 हैं। इकाई 11 जाति संगठनों एवं राजनीतिक गठनों से संबंधित है। इकाई 12 जाति एवं राजनीति से संबंधित है। खंड 6 में दो इकाइयाँ हैंः– 13 एवं 14 जोकि आरक्षण और विकास के बारे में विस्तृत चर्चा करती है।

प्रत्येक इकाई के अंत में अभ्यास प्रश्न दिये गये है। इन प्रश्नों के उत्तर इकाई के अंत में दिये गये हैं। आप उनका अभ्यास कर सकते हैं। आप प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में देने का प्रयास करें। पाठ्यक्रम के अंत में संदर्भ सूची भी दी गई हैं। आप इस सूची को अवश्य देखें।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

खण्ड 1

राजनीतिक दल और दलीय व्यवस्था

खण्ड 1 परिचय

लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण संस्थाऐं होती हैं। वे ऐसे उपकरण हैं जिनके माध्यम से लोग राजनीतिक प्रक्रियाओं में भाग लेते हैं। राजनीतिक दल लोगों को लामबंद करते हैं और उनकी समस्याओं का निदान करते हैं। लोग राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के रूप में विधायी निकायों के लिये अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। भारत में कई राजनीतिक दल हैं। ये विभिन्न विचारधाराओं, मुद्दों, नेतृत्व, नीतियों और कार्यक्रमों, क्षेत्रों और सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्यों या अखिल भारतीय स्तरों पर उनके प्रभाव के विस्तार के आधार पर राजनीतिक दलों की पहचान राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या पंजीकृत दलों के रूप में की जा सकती है। भारत में उनकी संख्या के आधार पर उन्हें एक पार्टी प्रणाली, दो पार्टी या बहुदलीय प्रणाली के रूप में देखा जा सकता है। इस खण्ड में तीन इकाइयाँ है जो कि राजनीतिक दलों, दलिय व्यवस्था और लोकतंत्र से संबंधित हैं। इकाई दो और तीन क्रमशः राजनीतिक दलों और दलिय व्यवस्था के बारे में चर्चा करती हैं।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

इकाई 1 राजनीतिक दल, दलीय व्यवस्था एवं लोकतंत्र*

इकाई की रूपरेख

1.0 उद्देश्य

1.1 प्रस्तावना

1.2 राजनीतिक दल एवं राजनीतिक व्यवस्था का अर्थ

1.3 भारत में राजनीतिक दल और राजनीतिक व्यवस्था का विकास

1.3.1 एक दलीय व्यवस्था का प्रभुत्व

1.3.2 बहु-दलीय व्यवस्था

1.3.3 द्वि-दलीय एवं द्वि-ध्रुवीय दलीय व्यवस्था

1.4 राजनैतिक दल, राजनीतिक व्यवस्था एवं भारत में लोकतंत्र

1.5 सारांश

1.6 संदर्भ

1.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1.0 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपः

- दलीय व्यवस्था और राजनैतिक दलों की परिभाषा दे सकेंगे;
- भारत में दलीय व्यवस्था एवं राजनीतिक दलों के प्रमुख विशेषताओं को समझा सकेंगे;
- राजनीतिक दल, दलीय व्यवस्था एवं लोकतंत्र के बीच संबंधों की व्याख्या सकेंगे।

1.1 प्रस्तावना

लोकतांत्रिक देश में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजनैतिक दल उन संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें लोग विधायी निकायों में राजनीतिक दलों के नामांकित व्यक्तियों को चुनकर भेजती है। ये राजनैतिक दल लोगों को राजनीतिक गतिविधियों में भी शामिल करती हैं। इन गतिविधियों के द्वारा लोगों की समस्याओं को सामने लाया जाता है। इस प्रकार राजनीतिक दल लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये आवश्यक है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में कई प्रकार के राजनैतिक दल उभरे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में एक दलीय व्यवस्था के प्रभुत्व का बोलबाला रहा, जिसमें 1950 से 1960 तक काँग्रेस पार्टी का दबदबा था तथा उसके बाद के काल में कई अन्य दलों का वर्चस्व देखने को मिला। यह इकाई दलीय राजनीतिक व्यवस्था राजनीतिक दलों का विकास, उनका संबंध तथा भारत में लोकतंत्र के साथ उसके संबंधों की चर्चा करती है।

1.2 राजनीतिक दलों एवं दलीय व्यवस्था का अर्थ

राजनीतिक दल

राजनीतिक दल एक राजनीतिक प्रणाली का महत्वपूर्ण घटक है। राजनैतिक दल वह संस्था है जिसमें नेताओं, अनुयायियों/कार्यकर्त्ता, नीतियों और कार्यक्रमों का संबंध होता है। इसके

*डॉ. दिव्या रानी, कंसलटेंट, राजनीति संकाय, इग्नू, नई दिल्ली

सदस्य या तो औपचारिक होते हैं या फिर वे औपचारिक सदस्य नहीं होते है और इसका समर्थन करते है। कई प्रकार के राजनैतिक दल होते हैं। राजनैतिक दलों में नेताओं, नीतियों कार्यक्रमों एवं विचार धारा के आधार पर अंतर किया जा सकता है। राजनीतिक दल का प्रमुख सिद्धांत यह है कि वह अन्य संगठनों से अलग होता है क्योंकि इसका प्रमुख उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना है। राजनैतिक दलों के विपरीत दबाव समूह, हित समूह या गैर-दलीय नागरिक समाज का उद्देश्य शक्ति या सत्ता प्राप्त नहीं करना है। लेकिन कभी-कभी ये संगठन भी चुनाव लड़ते है। लेकिन यह सामान्य तरीका नहीं है। गैर-दलीय संगठन केवल किसी विशेष अवसर पर ही चुनाव लड़ते हैं। राजनैतिक दलों का व्यक्तियों, राज्यों एवं समाज के बीच महत्वपूर्ण संबंध होते हैं। राजनीतिक दल, सामाजिक प्रक्रिया और नीति-निर्माताओं के बीच घनिष्ठ संबंध स्थापित करते है। ये सामाजिक समूहों के हितों से जुड़े मुद्दों पर वाद-विवाद और नीतियों पर प्रभाव डालते हैं।

दलीय व्यवस्था

दलीय व्यवस्था का अर्थ देश में कई राजनैतिक दलों से संबंधित है। राजनीतिक व्यवस्था में उपस्थित पार्टियों की संख्या के आधार पर आमतौर पर एक दलीय प्रणाली, द्वि-दलीय प्रणाली एवं बहु-दलीय प्रणाली के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। जैसा कि उनके नामों से पता चलता है, लोकतंत्र में एक दलीय, द्वि-दलीय एवं बहु-दलीय व्यवस्था होती हैं। भारत में आमतौर पर पार्टियों की पहचान उनके प्रदर्शन का स्तर और सरकार में उनकी मौजूदगी से लगाया जा सकता है। एक से अधिक दल की उपस्थिति एवं लोकतांत्रिक और बहुलवादी समाज की विशेषता है। कई दलों की उपस्थिति भारत में एक महत्वपूर्ण दलीय प्रणाली की विशेषता रही है। हालांकि, 1950 के बाद से भारत में पार्टी प्रणाली की संख्या में बदलाव देखने को मिला है। जैसा कि आप भाग 1.3 में पढ़ेगें, आजादी के बाद के पहले दशक में केवल काँग्रेस पार्टी का ही वर्चस्व या प्रभुत्व था। यह एक दलीय प्रभुत्व का युग था। लेकिन एक से अधिक दलों की अनुपस्थिति का नहीं। 1950 से 1960 के दशक की अवधि को रजनी कोठारी ने एक दल के वर्चस्व का युग बताया। इस युग के काँग्रेस के वर्चस्व का युग कहा जाता है। एक पार्टी के प्रभुत्व का मतलब यह नहीं था कि भारत में केवल एक ही दल था। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत में काँग्रेस के अलावा कई अन्य दल भी मौजूद थे जैसे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया भिन्न समाजवादी दल, स्वतंत्रता दल, रिपल्किन पार्टी ऑफ इंडिया जन संघ इत्यादि। लेकिन, इन सबमें, काँग्रेस पार्टी को सभी राज्यों में उपस्थिति थी तथा इसने केन्द्र एवं राज्यों में सरकारों का भी नेतृत्व किया था। 1960 के दशक अंत में, काँग्रेस पार्टी का वर्चस्व कम हो गया था। 1967 के चुनावों में आठ राज्यों में इसे हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त से काँग्रेस के अलावा कई-गैर काँग्रेस पार्टियों ने केन्द्र एवं राज्यों में सरकार बनाई। इसने भारत में बहु-दलीय प्रणाली के महत्व को प्रदर्शित किया था। द्वि-दलीय व्यवस्था, केवल दो दलों के वर्चस्व को दर्शाता है। भारत में कुछ राज्यों में दो दलीय प्रणाली मौजूद है। इसका अर्थ यह नहीं कि उन राज्यों में दो दलों से अधिक दल नहीं है। इसका मतलब यह है कि इन सब दलों में केवल दो दल ही अधिक प्रभावशाली है। ऐसी व्यवस्था में, दो दल अलग-अलग समय में सरकार बनाते हैं। एक दल सरकार बनाता है तो दूसरा दल विपक्ष की भूमिका निभाता है। कुछ विद्वान, जैसे संजय पालसीकर एवं योगेन्द्र यादव पार्टियों का वर्गीकरण चुनावी ध्रुवीकरण के आधार पर करते है। दलीय प्रणाली का अर्थ हमें राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या राज्यीय दल के आधार पर नहीं करना चाहिये। ये बिल्कुल अलग है। दलीय प्रणाली का मतलब है दलों की संख्या तथा चुनाव में उनकी भागीदारी तथा सरकार बनाना। दलों का वर्गीकरण चुनाव आयोग द्वारा उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। चुनाव, आयोग ने भारत में तीन प्रकार के राजनीतिक दलों का वर्गीकरण किया है। राष्ट्रीय दल, राज्य या क्षेत्रीय दल तथा

पंजीकृत दल। आप इकाई संख्या 2 में इन पार्टियों के वर्गीकरण के बारे में पढ़ेंगे। वर्तमान में, भारत में लगभग 2400 राजनीतिक दल हैं। जिनमें सात राष्ट्रीय दल हैं, 36 राज्य स्तरीय दल हैं, 329 क्षेत्रीय दल हैं तथा 2044 पंजीकृत या गैर पंजीकृत दल हैं।

1.3 भारत में दलीय प्रणाली एवं राजनीतिक दलों का विकास

भारत में राजनीतिक दलों का उदय स्वतंत्रता आंदोलन के समय हुआ था। उस वक्त, वे स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल थे। उस समय इन दलों ने विधानसभाओं के चुनाव भी लड़े थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद काँग्रेस एक मजबूत पार्टी के रूप में उभरी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान काँग्रेस एक महज आंदोलन था लेकिन बाद में आजादी के बाद में एक पार्टी बन गई। इसका मतलब यह है कि काँग्रेस का मकसद केवल आजादी हासिल करना नहीं था बल्कि चुनाव लड़ना एवं सरकार बनाना था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में कई वर्षों तक राजनीतिक व्यस्था का विकास हुआ था। हालांकि, उस समय भी एक दलीय व्यवस्था नहीं थी। 1950 से 1960 के बीच हालांकि काँग्रेस पार्टी का ही वर्चस्व रहा था, अन्य दलों की स्थिति ठीक नहीं थी। उनका समर्थन भी काफी कम था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में तीन प्रकार की दलीय प्रणाली देखने को मिली हैं। एक दलीय प्रणाली का वर्चस्व, द्वि-दलीय प्रणाली तथा बहु-प्रणाली। आप नीचे इनके बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करेंगे।

1.3.1 एक दलीय व्यवस्था का प्रभुत्व

लगभग दो दशकों तक भारत में काँग्रेस पार्टी का ही प्रभुत्व रहा था। हालांकि कई अन्य दल भी उस वक्त मौजूद थे लेकिन ज्यादातर राज्यों में तथा केन्द्र में काँग्रेस पार्टी की ही सरकार थी। इस प्रकार गैर-काँग्रेस पार्टियां केवल विपक्षी पार्टियाँ थी राज्यों एवं केन्द्र में। सिवाय केरल के जहाँ पर सी.पी.आई. की सरकार थी, 1950 के अंतिम वर्ष में। जैसा कहा गया है काँग्रेस पार्टी एक अकेली पार्टी थी जिसका समर्थन देश के सभी राज्यों में था। रजनी कोठारी ने इस काल को एक-दलीय प्रभुत्व का काल कहा था। उसने यहाँ तक कहा कि यह एक काँग्रेस पार्टी न होकर काँग्रेस प्रणाली या व्यवस्था थी। काँग्रेस पार्टी ने लोकसभा के चार चुनावों में स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। यह स्थिति लगभग 1967 तक बरकरार रही थी। 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी ने काँग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया था। इस समय तक कई राज्यों में कमोबेष भारत में एक दलीय प्रभुत्व कायम था या एक दल का वर्चस्व था।

1.3.2 द्वि-दलीय

भारत में दो-दलीय आदर्श प्रणाली नहीं है। बल्कि, यहाँ पर द्वि-ध्रुवीय राजनीतिक व्यवस्था है। इस व्यवस्था में दो या दो से अधिक दल साथ मिलकर चुनाव-पूर्व या चुनाव-पश्चात गठबंधन करते है और सरकार बनाते हैं तथा वे न्यूनतम साझा कार्यक्रम भी तय करते हैं। ये सामान्यतौर पर दो दलों के साथ होता है जो कि आपस में धुर्वों या गठबधनों की प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस प्रकार के दो गठबंध ही आपस में चुनावी प्रतिस्पर्धा करते हैं। ऐसी व्यवस्था को ही हम द्वि-ध्रुवीय व्यवस्था कहते हैं। ऐसी व्यवस्था केन्द्र एवं राज्य दोनों में ही हो सकती है। ऐसी स्थिति में मुख्य राजनीतिक दल समान होता है जबकि उसके गठबंधन के सहयोगी बदल जाते हैं। भारत में इस प्रकार के ध्रुवीकरण ने ही गठबंधन की राजनीति को उभरने का मौका दिया था। इसका प्रथम उदाहरण था 1967 के चुनावों में गैर-काँग्रेसी गठबंधन (सं.वि.द.) का गठन जिसने लगभग 8 राज्यों में गठबंधन किया था। उस समय में दो ध्रुव थे। जिसमें एक तरफ काँग्रेस तथा दूसरी तरफ गैर-काँग्रेसी दलों का गठबंधन जिसमें भारतीय क्रांति दल, संयुकत सोसलिस्ट पार्टी, प्रजा सोसलिस्ट पार्टी और

जन संघ शामिल थे। इसका प्रथम उदाहरण राष्ट्रीय स्तर पर जनता पार्टी के गठन के पश्चात् सामने आया था जिसे 1977 के चुनावों में सफलता प्राप्त हुई थी। उस समय काँग्रेस पार्टी विपक्षी पार्टी बन गयी थी तथा जनता पार्टी शासन करने वाली पार्टी बन गयी थी। लेकिन ये दोनों दल द्वि-दलीय व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते थे ना कि द्वि-ध्रुवीय व्यवस्था के क्योंकि जनता पार्टी गठबंधन की पार्टी नहीं थी। इस पार्टी का गठन पाँच अन्य दलों के विलय के बाद हुआ था जिसमें काँग्रेस (ओ), बी.के.डी., सी.एफ.डी., जन संघ तथा स्वतंत्र पार्टी शामिल था। काँग्रेस इसका प्रमुख प्रतिद्वंदि था। इस प्रकार जनता पार्टी एवं काँग्रेस पार्टी ने दो दलीय व्यवस्था का प्रतिनिधित्व किया था। यह व्यवस्था 1977 से 1980 तक कायम रही जब तक कि केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार थी। लेकिन बाद में गठबंधनों में द्वि-दलीय न होकर द्वि-ध्रुवीय व्यवस्था का अनमन हुआ था। 1990 के बाद भारत में कई प्रकार के गठबंधन हुए। प्रमुख राजनीतिक दलों जैसे कि काँग्रेस और बी.जे.पी. की असफलता के कारण तथा इन दलों द्वारा चुनाव में बहुमत हासिल न करने के कारण कई अन्य छोटे-छोटे दलों को एक साथ लाने का मौका दिया। 1996 में ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब 13 पार्टियों ने मिलकर ''संयुक्त मोर्चा'' बनाया। इसी प्रकार, 1999 में लोकतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) बनाया गया जिसमें बी.जे.पी. प्रमुख घटक दल था। 1989, 1990, 1991, 1996, 1998, 1999, 2004, 2009 तथा 2014 में केन्द्र में गठबंधनों की सरकार बनी थी जिसमें कई दल शामिल थे। लेकिन 2004 के बाद गठबंधन सरकार में एक प्रमुख दल शामिल था जैसे कि उदाहरण के तौर पर 2004 और 2009 में काँग्रेस पार्टी के नेतृत्व में यू.पी.ए. की सरकार थी जिसमें काँग्रेस के अलावा अन्य कई दल शामिल थे तथा 2014 में बी.जे.पी. के नेतृत्व में एन.डी.ए. की सरकार बनी थी उसमें भी कई दल शामिल थे। राज्यों में भी इसी प्रकार का ध्रुवीकरण देखने को मिला है। जहाँ पर क्षेत्रीय पार्टियों के इर्द-गिर्द गठबंधन बनाये गये थे। उदाहरण के लिए उड़िसा में बी.जे.पी. एवं काँग्रेस के बीच मुकाबला, जम्मू-कश्मीर में पी.डी.पी. और नेशनल काँग्रेस तथा केरल में वाम-मोर्चा और काँग्रेस के बीच मुकाबला इत्यादी।

1.3.3 बहु-दलीय एवं बहु-ध्रुवीय/दलीय/व्यवस्था

1967 से, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में काफी परिवर्तन आया है। चुनावों में काँग्रेस की पराजय तथा पार्टी में हुए विभाजन ने काँग्रेस को कमजोर बना दिया था। इसका प्रमुख कारण क्षेत्रीय दलों के उभार के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में इसने बहु-दलीय व्यवस्था के उदय का रास्ता बनाया। हालांकि बहु-दलीय प्रणाली काँग्रेस के वर्चस्व के समय में भी थी लेकिन उनकी भूमिका भारतीय राजनीति में नगण्य थी। बहु-दलीय व्यवस्था के उदय का प्रमुख कारण समाज में हो रहे बदलाव का भी असर था। समाज में नये मुद्दों का उभार तथा क्षेत्रीय नेताओं का उदय भी इसी दिशा में प्रमुख कारण था। इन नेताओं ने क्षेत्रीय दलों का गठन किया था। कुछ प्रमुख नेताओं के उदय जैसे यू.पी. में चरण सिंह, हरियाणा में राव विरेन्द्र सिंह, उड़िसा में बीजू पटनायक तथा महाराष्ट्र में बाल ठाकरे ने 1960 और 1970 के दशक में क्षेत्रीय पार्टियों का गठन किया था। उसके बाद के काल में इनकी संख्या में इजाफा होता गया और उत्तर भारत में बी.एस.पी. एवं एस.पी. का गठन, पश्चिम बंगाल में टी.एम.सी. का गठन, भी प्रमुख उदाहरण है। बहु-दलीय प्रणाली भारत में केन्द्र एवं राज्य दोनों में स्थित है। ये दल भारत की राजनीतिक सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत में बहु-दलीय व्यवस्था का प्रमुख आधार सिर्फ उनकी विचारधारा एवं नीतियां नहीं रही है परंतु राजनीतिक लाभ भी रहा है जहाँ पर एक प्रमुख पार्टी इसकी प्रमुख मोडल एजेंसी होती है। इस तरह का गठबंधन बहु-दलीय व्यवस्था का प्रतीक है। बहु-दलीय व्यवस्था बहु-ध्रुवीय व्यवस्था के रूप में भी जानी जाती है।

अभ्यास प्रश्न 1

नोटः क) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए स्थान का प्रयोग कीजिए

ख) अपने उत्तर का मिलान इकाई के अंत में दिए गए उत्तर से करें।

1) राजनीतिक दल एवं दल व्यवस्था को परिभाषित कीजिए।

.....

.....

.....

.....

.....

2) भारत में पार्टी या दलीय व्यवस्था के विकास का संक्षिप्त में विश्लेषण कीजिए।

.....

.....

.....

.....

.....

1.4 भारत में राजनीतिक दल, दलीय व्यवस्था और लोकतंत्र

राजनीतिक दल एवं लोकतंत्र का नजदीकी संबंध है। यह संबंध लोकतंत्र के विभिन्न मानकों में प्रतिबिंबित होते हैं, जैसे, नीति-निर्माण में लोगों की भागीदारी, उनकी लामबंदी, उनके अंदर राजनीतिक चेतना, उनके मुद्दों पर बहस तथा उनकी माँगों को पूरी करने का संकल्प। जनता नीति-निर्माण की प्रक्रिया में सहभागिता करती है। उनकी सहभागिता राजनीतिक दलों द्वारा सरकार में शामिल होकर पूरी होती है। राजनीतिक दल चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करती है। इस प्रकार राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किये उम्मीदवार ही लोगों के लिए नीति-निर्माण में सहायता करते हैं। ये उम्मीदवार ही संसद सदस्य एवं विधान-सभा सदस्य के तौर पर लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। राजनीतिक दल ही सही तौर पर निर्णय-निर्माण में भूमिका निभाने का उपकरण होते हैं। यह संभव नहीं कि सभी लोग चुनाव में भागेदारी करे क्योंकि लोगों की संख्या अधिक है। वे अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से जो कि वे प्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं, इसमें भाग लेते हैं। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के अलावा भी लोग अपना प्रतिनिधि गैर-राजनीतिक व्यक्ति को भी चुन सकते हैं। इन उम्मीदवारों को स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर जाना जाता है। लेकिन वास्तव में राजनीति दलों के उम्मीदवार ही सही तौर पर प्रतिनिधि माने जाते हैं बजाय स्वतंत्र उम्मीदवारों के राजनीतिक दल लोगों को आंदोलनों में लाने के लिये भी लामबंद करते हैं। लोकतंत्र में, विपक्षी दलों का यह दायित्व है कि वे सरकार की नीतियों की आलोचना करे। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, स्वतंत्र उम्मीदवारों के साथ विधायी निकायों में भागीदारी करते हैं तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देते हैं। जो नीतियाँ बनाई जाती हैं वे जनता के प्रतिनिधियों के बीच बहस से निकलती है जो सामान्य तौर पर राजनीतिक दलों के व्यक्ति होते हैं। राजनीतिक दल लोगों में राजनीतिक चेतना लाने में

भी अपना योगदान देते हैं। वे लोगों को अपनी विचारधारा से अवगत कराते हैं। अध्ययनों के अनुसार 1990 में कई राजनीतिक दलों के चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े किये थे जिसमें समाज के सभी वर्गो के लोग शामिल है जैसे दलित, ओ.बी.सी., महिलाऐं इत्यादि। जैफरलों और संजय कुमार के अनुसार, चुनाव में लोगों की भागेदारी बढ़ रही है। वे लोगों की बढ़ती भागीदारी को ''राइज आफ प्लेबियन'' कहते हैं। आशुतोष पार्ष्णेय के अनुसार भारत में सशक्त लोकतांत्रिक भारत में लोकतांत्रिक चेतना बढ़ रही है। योगेन्द्र यादव के अनुसार भारत में एक ''प्रजातांत्रिक उथल-पुथल'' (Democratic Upsurge) हुआ है। ये तर्क चुनावी राजनीति के बारे में है जो कि और भी लोकतांत्रिकरण हो गयी है। जैसा कि सब जानते हैं राजनीतिक दल चुनावी राजनीति में मुख्य भूमिका निभाते हैं, इससे यह पता चलता है कि भारत में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। पिछले तीन दशकों की स्थिति 1950 और 1960 की तुलना में काफी अलग है। उस समय समाज के प्रभुत्व वर्ग ही राजनीति में अपना दबदबा रखता था। लेकिन, दलीय व्यवस्था में बदलाव के कारण तथा अनेक राजनीतिक दलों के उदय के बाद दलित पिछड़े वर्गों में चेतना जागृति हुई है। इसने लोकतंत्र को पिछले कुछ दशकों में और मजबूत किया है।

अभ्यास प्रश्न 2

नोटः क) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए स्थान का प्रयोग कीजिए

ख) अपने उत्तर का मिलान इकाई के अंत में दिए गए उत्तर से करें।

1) राजनीतिक दलों और राजनीतिक व्यवस्था के लोकतंत्र के साथ संबंधों की व्याख्या कीजिए।

.....

.....

.....

.....

.....

1.5 सारांश

लोकतंत्र में संस्थाऐं महत्वपूर्ण होती हैं। संस्थाओं के द्वारा सरकार एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन किया जाता है। राजनीतिक दल राजनीतिक व्यवस्था का प्रमुख भाग हैं। इससे लोकतंत्र मजबूत होता है। भारत में बहु-दलीय व्यवस्था होने के कारण, राजनीतिक दल विविधता एवं बहुलता को संजो कर रखते हैं। खासकर 1970 के बाद, राजनीतिक दलों एवं राजनीतिक व्यवस्था में काफी परिवर्तन आया है। राजनीति के लोकतांत्रिकरण के कारण समाज के सभी वर्गों को राजनीति में भाग लेने का अवसर मिला है। इसने देश को और लोकतांत्रितक बनाया है एवं निचले तबकों की भागीदारी को सुनिश्चित किया है। इसने लोकतंत्र को भी नई परिभाषा प्रदान की है। राजनीतिक दलों का लोकतांत्रिकरण नए राजनीतिक दलों तथा केंद्र में गठबंनध की राजनीति के साथ हुआ।

1.6 संदर्भ

दत्ता, राजश्री (2011) मेजरिंग पार्टी सिस्टम इन इंडियाः एन एनालिसिस एट दी नेशनल एंड एअ दी लेवन ऑफ स्टेट्स 1952-2009, द इंडियन जनरल ऑफ पोलिटिकल साइंस, वोल्यूम (72) 3 : 663-678.

हसन, जोया (एडिटेड) 2002, पार्टिज एन्ड पार्टी पोलिटिक्स इन इंडिया, नई दिल्ली, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस.

जैफरलों, क्रिस्टोफ और संजय कुमार (2009) राइज ऑफ दी प्लेबियन्स, द् चेंजिंग फेस ऑफ इंडियन लेजिसलेटिस असेंबलिज, नई-दिल्ली, राउटलेज।

कोठारी, रजनी (1970) पोलिटिक्स इन इंडिया, नई दिल्ली, ओरियन्ट लोंगमेन।

मेनर, जेम्स (2002) पार्टिज एंड पार्टी सिस्टम। इन द ऐडिटेड बुक, पार्टिज एंड पार्टी पोलिटिक्स इन इंडिया, बाई जोया हसन नई दिल्ली, आक्सफार्ड युनिवर्सिटी प्रेस।

पॉल ब्रास (1990), पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया सिंस इंडिपेन्डेंस। क्रेंब्रिज यू.के., केंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस।

शेस, गिलबर्ट शल्फ (1954), डेमोक्रेसी, पार्टी एंड पोलिटिक्स इथिकस, वोल्यूम 64 (1), 100-125.

वार्ष्णेय, आशुतोष (2003), बेटिल हॉफ वन : इंडियाज इम्प्रोबेबिल डेमोक्रेसी, पेंगविन/वाईकिंग।

यादव, योगेन्द्र एंड पालशिकर (2009), ''फ्रोम डेमोक्रेसी टू गर्वनेन्सः पार्टी सिस्टम एंड एलेक्ट्रल डेमोक्रेसी इन इंडियन स्टेट्स'' जरनल आफ इंडियन स्कूल ऑफ पोलिटिकल इकनॉमी 15 (1-2) पृ. 5-44।

1.7 अभ्यास प्रश्न के उत्तर

अभ्यास प्रश्न 1

1) लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक दल एक महत्वपूर्ण ऐजेंसी है जिसके माध्यम से राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लिया जाता है। राजनीतिक दलों की कुछ विशेषताऐं होती हैं जैसे कि संगठन नेतृत्व समर्थन, सामाजिक आधार पर कार्येक्रम, नीतियां, इत्यादि। दलीय व्यवस्था वह है जहाँ पर कई प्रकार राजनीति दल उपस्थित हों। उनकी संख्या के आधार पर हम दलीय व्यवस्था का वर्गीकरण एक दलीय, द्वि-दलीय एवं बहु-दलीय कर सकते है।

2) राजनीतिक दलों का भारत में विकास के तीन चरण है। प्रथम चरण 1950 से 1960 इशकों के बीच का है जिसे रजनी कोठारी ने दल एकमात्र वर्चस्व का बताया है। इस चरण में काँग्रेस पार्टी एकमात्र वर्चस्व वाली पार्टी थी। विपक्षी पार्टिया भी मौजूद थी लेकिन उनका प्रभाव बहुत सीमित था। काँग्रेस ने केन्द्र एवं राज्यों में अपनी सरकारों का नेतत्व किया था। दूसरा चरण, 1970 के दशक का है जिसमें कई प्रकार के राजनीतिज्ञ दलों का उदय हुआ है जो कि पहचान की राजनीति और पिछड़ें वर्ग, नृजातीय समूह और अल्पसंख्यकों के सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन के फलस्वरूप आयें। यह एक द्वि-दलीय या द्वि-ध्रुवीय व्यवस्था का युग (समय) था। तीसरा चरण 1980 के आखिरी वर्षों के बाद का है जब गठबंधन की राजनीति का उदय हुआ था। इस चरण में बहु-दलीय व्यवस्था एक महत्वूर्ण व्यवस्था के रूप में उभर कर सामने आयी जो कि भारत में दलीय व्यवस्था की प्रमुख विशेषता है।

अभ्यास प्रश्न 2

1) राजनीतिक दल तथा राजनीतिक व्यवस्था लोकतंत्र को मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण संस्थानें है। इसका सकारात्मक असर यह है कि इसने समाज के निचले तबकों को एक मंच प्रदान किया है ताकि वे आगे आ सकें। इसने पहचान की राजनीति को भी बढ़ावा दिया है। कई अध्ययन भी यह मानते हैं कि इसने कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया है तथा लोकतंत्र को भी मजबूत किया है। दलों की संख्या में इजाफा यह दर्शाता है कि इसने राजनीतिक पहचान को और मजबूत किया है। राजनीतिक दल लोगों को लामबंद करते हैं, उनकी मांगों को अपने कार्यक्रमों और मेनीफेस्टो में शामिल करते हैं; इन्हें राजनीतिक तौर पर जागृत करते हैं तथा उनकी माँगों को पूरा करने के लिए चर्चा करते हैं।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

इकाई 2 भारत में राजनीतिक दल*

इकाई की रूपरेखा

2.0 उद्देश्य

2.1 परिचय

2.2 भारत में राजनैतिक दलों के प्रकार

- 2.2.1 राष्ट्रीय दल
- 2.2.2 राज्य दल/क्षेत्रीय दल
- 2.2.3 पंजीकृत दल/गैर-मान्यता प्राप्त

2.3 राष्ट्रीय दल

- 2.3.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) या कांग्रेस (आई)
- 2.3.2 भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)
- 2.3.3 बहुजन समाज पार्टी (बसपा)
- 2.3.4 भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीआई (एम)
- 2.3.5 राष्ट्रवादी कांग्रेस दल (एनसीपी) तथा अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस दल (टीएमसी)

2.4 राज्य दल/क्षेत्रीय दल

- 2.4.1 एम.पी, वी.के.डी/वी.एल.डी, और जनता दल (यू)
- 2.4.2 डी.एम.के, ए.आई.डी.एम.के. तथा टी.डी.पी.
- 2.4.3 ए.जी.पी
- 2.4.4 आम आदमी पार्टी (आप)
- 2.4.5 षिरोमणि अकाली दल (एस.ए.डी.)
- 2.4.6 शिव सेना

2.5 पंजीकृत और गैर मान्यता प्राप्त दल

2.6 सारांश

2.7 संदर्भ

2.8 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

2.0 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप यह कर सकेंगे :

- राष्ट्रीय, राज्य क्षेत्रीय दलों को परिभाषित;
- भारत के कुछ प्रमुख दलों की भूमिका का विश्लेषण; और
- एक नए दल के गठन के पीछे के कारण की व्याख्या।

2.1 प्रस्तावना

इकाई 1 में आपने राजनीतिक दल के अर्थ के बारे में पढ़ा है। भारत में कई दल है। वे अखिल भारतीय और राज्य स्तरों पर कार्य करते है। भारतीय चुनाव आयोग ने देश के तीन

*डॉ. दिव्या रानी, कंसलटेंट, राजनीति संकाय, इग्नू, नई दिल्ली

प्रकार के राजनीतिक दलों को वर्गीकृत किया हैः राष्ट्रीय, राज्य/क्षेत्रीय और पंजीकृत दल। वर्तमान में भारत में लगभग 2300 राजनीतिक दल है। जिनमें सात राष्ट्रीय दल, 36 राज्य मान्यता प्राप्त दल, 329 क्षेत्रीय दल और लगभग 2044 पंजीकृत/अपरिचित दल शामिल है। अपने चुनाव निष्पादन के आधार पर इन दलों की संख्या बदलती रहती है। और इस इकाई में आप विभिन्न प्रकार के दलों के बारे में पढ़ेंगे।

2.2 भारत में राजनीतिक दलों के प्रकार

इकाई के इस उपखं डमें राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय, राज्य/क्षेत्रीय और पंजीकृत दलों के रूप में वर्गीकृत करने के लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा दिए गए मापदंडों की व्याख्या की गई है।

2.2.1 राष्ट्रीय दल

निर्वाचन आयोग के अनुसार किसी दल को राष्ट्रीय पार्टी होने के लिए कम से कम निम्नलिखित योग्यताऐं होनी चाहिए :

i) उसे कम से कम तीन राज्यों से लोकसभा में कम से कम दो प्रतिशत सीटें प्राप्त करनी होती है;

ii) आम चुनाव में पार्टी को छह प्रतिशत वोट मिलें हों कम से कम चार लोकसभा सीटें जीते;

iii) चार या उससे अधिक राज्यों में दल को राज्य स्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

2020 में भारत में सात राष्ट्रीय दल हैः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई.एन.सी), भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सी.पी.आई), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं मार्क्सवादी पार्टी (सी.पी.आई) एम, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी) और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस।

2.2.2 राज्य दल/क्षेत्रीय दल

चुनाव आयोग, क्षेत्रीय दल के संकल्प का उपयोग नहीं करता है। इसके बजाय में उन्हें राज्य दल की धारणा का उपयोग करते हैं। तथापि शैक्षणिक साहित्य में और सामान्य भाषा में राज्य और क्षेत्रीय दलों को एक दूसरे के लिए उपयोग किया जाता है। परन्तु निर्वाचन आयोग और शैक्षणिक बहस के मामले में राज्यों और प्रादेशिक दलों की परिभाषा भिन्न है। चुनाव आयोग कई राज्यों में अपने चुनावी प्रदर्शन के आधार पर क्षेत्रीय दल की पहचान करता है। शैक्षणिक साहित्य विशिष्ट क्षेत्रों या राज्यों में अपनी नीतियों, गतिविधियों, सहायक आधार और मार्गदर्शन के आधार पर क्षेत्रीय/राज्य पार्टी को परिभाषित करता है, निर्वाचन आयोग के अनुसार जिस दल को राज्य पार्टी माना जाए, उस दल के पास निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिए :

i) उसे कम से कम पाँच वर्षों तक राजनीतिक गतिविधि में होना चाहिए।

ii) उसे आम चुनावों में चार प्रतिशत तथा राज्य चुनावों में तीन प्रतिशत स्थान प्राप्त हुआ होना चाहिए।

iii) इसके अलावा इसमें छह प्रतिशत वोटो का समर्थन होना चाहिए।

iv) किसी इकाई को राज्य पार्टी का दर्जा तब ही दिया जा सकता है भले ही वह लोकसभा में या विधानसभा में कोई स्थान नहीं प्राप्त किया हो यदि वह पूरे राज्य में डाले गए कुल मतों में से कम से कम आठ प्रतिशत जीत होनी चाहिए।

2020 में भारत में ऐसे 36 राज्य/क्षेत्रीय दल है जो अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करती है। कुछ मान्यता प्राप्त दलों में आम आदमी पार्टी (आप), अखिल भारतीय अन्ना द्रविड मुन्नेन्न कझगम (ए.आई.ए.डी.एम.के), द्रविड़ मुन्नेत कझगम (डी.एम.के), बीजू जनता दल (बी.जे.डी), जनता दल (संयुक्त) (जे.डी.यू) राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी), समाजवादी पार्टी (एस.पी.)।

2.2.3 पंजीकृत/गैर मान्यता प्राप्त दल

पंजीकृत दल वह दल होता है जिसे न तो राज्य माना जाता है और न ही राष्ट्रीय दल माना जाता है परन्तु उसका पंजीकरण निर्वाचन आयोग के पास होता है। इसे अपरिचित दल भी कहा जाता है। वर्तमान में भारत में 2000 से अधिक पंजीकृत दल हैं।

2.3 राष्ट्रीय दल

सात राष्ट्रीय दलों से दो दलों ने कांग्रेस और बीजेपी का समर्थन किया है। अधिकतम भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से विभिन्न समय पर राज्यों की सूची। आजादी से पहले दो दशकों तक भारत में कांग्रेस पार्टी अकेली प्रभावशाली पार्टी रही। वस्तुतः भारत के अधिकांश भागों में इसे आधार प्रदान करने के कारण रजनी कोसरी ने 1950-1960 के दशकों की अवधि को एक पार्टी के वर्चस्व की अवधि बताया। कांग्रेस का प्रभुत्व वर्ष 2010 के दशक में भाजपा स्वतंत्रता के पश्चात दो दशकों में कांग्रेस जैसी प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभरी है।

2.3.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) और कांग्रेस (आई)

1885 में भारत की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के रूप में हुआ था। जैसा कि पहली इकाई में कहा गया है आम तौर पर यह माना जाता है कि कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान एक आंदोलन था। यह वस्तुतः स्वतंत्रता के बाद एक राजनैतिक पार्टी बन गई थी। उसका मुख्य उद्देश्य स्वतंत्र भारत में चुनाव करना या अपने प्रभुत्व के दौरान कांग्रेस ने सभी जाति समूहों और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित सामाजिक समूहों का समर्थन किया। कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकारों ने समाज में परिवर्तन के उद्देश्य से अनेक कल्याणकारी नीतियों की शुरुआत की इनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण नीति भूमि सुधार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण, सामुदायिक विकास कार्यक्रम शामिल थे। हालांकि इन नीतियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन्होंने कांग्रेस से समाज के बड़े वर्गों के बीच लोकप्रिय बनाया। लेकिन कांग्रेस की लोकप्रियता लंबे समय तक बरकरार नहीं रह सकी। 1960 के दशक में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों के विरूद्ध अनेक राज्यों में असंतोष की भावना फैल गयी। इसके परिणाम स्वरूप, कांग्रेस ने 8 राज्यों में 1967 के विधानसभा चुनावों में हार के पश्चात गैर-कांग्रेसी सरकारों की स्थापना हुई इससे भारत की दलीय प्रणाली में कांग्रेस की प्रमुखता समाप्त हो गई। 1969 में कांग्रेस को दो दलों में बाँटा गया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (संगठन) और कांग्रेस (ओ) थे, जिसके नेतृत्व कामराज और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (रिक्विजिशन), और कांग्रेस (आर) जिसका नेतृत्व इंदिरा गाँधी ने किया लेकिन इंदिरा गाँधी की अध्यक्षता वाली कांग्रेस ने 1971 के आम चुनावों में सर्वाधिक सीट जीतने वाली

पार्टी के रूप में उभरी। 1971 के आम चुनावों में, तथा लोकसभा चुनावों में 518 सीटो में से 352 सीट पर जीत दर्ज की। जैसा कि आपने इकाई-1 में पढ़ा है। जब कांग्रेस पार्टी का दौर था तब 1960 के दशक के अंत से अनेक राज्यों में उभरते हुए क्षेत्रीय दलो और नेताओं में चुनौती दी। और 1970 में अंत में केन्द्र में जनता पार्टी ने इसे चुनौती दी। कांग्रेस 1980 के दशक के दौरान एक मजबूत राजनैतिक शक्ति बनी हुई थी। यद्यपि आने वाले दशकों में हालांकि कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी रही, लेकिन एक प्रमुख पार्टी का दर्जा उसने गंवा दिया इसका प्रभाव क्षेत्रीय गठबंधन (यूपीए) के रूप में बना रहा है।

2.3.2 भारतीय जनता दल (बी.जे.पी)

भारतीय जनता पार्टी की जड़ों का पता भारतीय जन संघ से लगाया जा सकता है। यहाँ दी गई भारतीय जन संघ की स्थापना 1951 में हिन्दूओं की राजनैतिक शाखा के रूप में हुई थी। राष्ट्रीय संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक जन संघ/भारतीय संघ (बी.जे.एस) की स्थापना एक विख्यात वकील श्यामी प्रसाद मुखर्जी ने की थी। भारतीय जन संघ ने 1960 के दशक में भारत में हिंदी भाषी क्षेत्रों में अच्छा खासा समर्थन प्राप्त किया। जैसा कि इकाई 1 में बताया गया है कि 1977 में इसका विलय चार अन्य दलों के साथ जनता पार्टी में हो गया। जनता पार्टी के खंड के विघटन के बाद भारतीय जन संघ 5 अप्रैल, 1980 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नाम से एक अलग नाम वाली पार्टी के रूप में उभरा। इस पार्टी के अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी इसके प्रथम अध्यक्ष थे। 1980 के दशक में भाजपा एक मामूली सी स्थिति में भी, जहां राजनैतिक उपस्थिति हिन्दी प्रदेशों में कुछ ही राज्यों तक सीमित थी। परन्तु, नए राज्य क्षेत्र और नए मित्र देशों की खरीद ने इसे आम जनता के साथ भारत की प्रमुख राजनैतिक ताकत में बदल दिया, जिसके समर्थक पूरे देश के लोग हैं। कांग्रेस के पतन के साथ ही भाजपा का विस्तार हुआ। लोकसभा के राष्ट्रीय स्तर पर इसकी सीटों की वृद्धि हुई। 1984 में इसकी 2 सीटों से बढ़कर 2019 में लोकसभा चुनावों में 303 सीट हो गई। जब 2014 में लोकसभा चुनाव में इसकी वृद्धि हुई। जिनमें इसने 282 सीटें जीत ली थी। उसने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए आंदोलन, अनुच्छेद 370 का उन्मूलन, तीन तलाक का उन्मूलन आदि जैसे मुद्दों से जुटाने के द्वारा, जनसर्मथन का मार्ग प्रषस्त किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए) के प्रमुख सदस्य के रूप में भाजना 2014 से भारत में केन्द्र सरकार का नेतृत्व कर रही है। तथा 2014 और 2018 के मध्य एन. डी.ए गठबंधन की सरकारें 8 राज्यों से बढ़कर 20 राज्यों में बनीं। 2019 में, 11 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत है।

2.3.3 बहुजन समाज पाटी (बसपा)

बहुजन समाज भारत में सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह उत्तर भारत में एक प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा। उत्तर प्रदेश में यह पार्टी चार बार सरकार बना चुकी है और इस पार्टी की नेता (अध्यक्ष) मायावती को उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में चार बार मुख्यमंत्री बनाया गया। जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि उसने बहुजन समाज या बहुसंख्यक समाज के बीच एक आधार का सहारा लिया। और दलित, आदिवासी समुदाय, अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक (ईसाई, सिख, मुसलमान) जैसे दल (बी.एस. पी) की स्थापना 14 अप्रैल, 1984 को दलित नेता कांशीराम ने की थी। बी.एस.पी. बनाने से पहले कांशीराम ने सीमांत समुदाय को संगठित किया। 1978 में डी.एस.4 (दलित शोषित समाज संघर्ष समिति) जैसी संस्थाओं की स्थापना की। बैयसेक (बी.ए.एम.सी.ई.एफ) को केन्द्र सरकार के कर्मचारियों का सहारा मिला। बी.एस.पी. का मुख्य लक्ष्य समाज में उपेक्षित समुदायों तथा बहुजन समाज को सशक्त बनाना था। बी.एस.पी के सिद्धान्त के नारे इस जोश को रेखांकित करते हैं। ये नारे थेः

''मत हमारा, राज तुम्हारा (उच्च जाति) नहीं चलेगा नहीं चलेगा'', तथा ''मत से लेगें पी.एम. /सी.एम और आरक्षण से एस.पी/डी.एम।'' बी.एस.पी. ने चुनावी मोर्चे पर तेजी से प्रगति की है। 1996 तक बीएसपी ने एक राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया था। बी.एस.पी. प्रमुख मायावती पहली बार 1995 में उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री बनी। मायावती की अध्यक्षता में राजनीतिक शासनों में बी.एस.पी. वाली सरकार ने कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए। अंबेडकर गाँव कार्यक्रम (विलेज प्रोग्रेम) इन कार्यक्रमों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। अंबेडकर गाँवों के कार्यक्रमों के तहत बीएसपी सरकार ने अंबेडकर गाँवों में कल्याण नीतियाँ शुरू की। अंबेडकर गाँवों में अनुसूचित जातियों की काफी संख्या थी। बी.एस.पी. सरकार ने सामाजिक उद्देश्यों या सीमांत समुदायों में साथ जुड़े प्रतीकों, नायकों तथा प्रतीकों को सांस्कृतिक मान्यता प्रदान की।

2.3.4 भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सी.पी.आई) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी – मार्क्सवादी पार्टी (सी.पी.आई) एम.

